वेबसाईट : www.abvp.org पंजीकृत क्रमांक : S-385/1949-50

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद

केंद्रीय कार्यालय– 3, मार्बल आर्च, सेनापती बापट मार्ग, माटुंगा रोड (प.रे.), माहिम, मुंबई - 400016.
दूरभाष :(022) 24306321 / 24378866 फैक्स :24313938 ई–मेल : abvpkendra@gmail.com

दिनांक: 2 फरवरी 2023

-:प्रेस विज्ञप्ति:-

नीट-पीजी संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री से मिला अभाविप प्रतिनिधिमंडल।

नीट-पीजी 2023 की इंटर्नशिप पात्रता को 30 जून से बढ़ाकर 31 जुलाई किया जाए: अभाविप।

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के प्रतिनिधिमंडल ने आज दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री डॉ मनसुख मंडाविया को ज्ञापन देकर नीट-पीजी 2023 संबंधी इंटर्नशिप पात्रता को 30 जून 2023 से बढ़ाकर 31 जुलाई 2023 किए जाने की मांग सहित परीक्षा तिथि व काउंसलिंग में अंतराल को कम करने जैसी प्रमुख समस्याओं के समाधान की शीघ्र मांग की है।

अभाविप ने केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री के समक्ष नीट-पीजी 2023 के आयोजन में मेडिकल छात्रों के इंटर्नशिप की समय सीमा 31 जुलाई 2023 करने, मार्च 2023 में प्रस्तावित नीट-पीजी परीक्षा पर पुनर्विचार करने, सभी राज्यों के छात्रों की इंटर्नशिप अर्हता से जुड़ी समस्यायों पर विचार करने, नीट-पीजी 2023 के लिए आवेदन पोर्टल को पुनः खोलने आदि मांगें की हैं।

अभाविप प्रतिनिधिमंडल के साथ चर्चा के दौरान केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री ने इंटर्नशिप पूर्ण करने की तिथि के संदर्भ में प्रदेशवार डाटा को स्वीकार करते हुए अधिकारियों से प्रभावित छात्रों की संख्या से संबंधित अद्यतन रिपोर्ट माँगी है। साथ ही इस संदर्भ में आगे की कार्रवाई हेतु अधिकारियों को निर्देशित किया है।

मेडिविजन के राष्ट्रीय संयोजक डॉ अभिनंदन बोकरिया ने कहा कि, "मेडिकल के छात्रों को नीट पीजी के संदर्भ में अनेक समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है, उन्हें सुना जाना बहुत आवश्यक है। इंटर्नशिप अर्हता की अंतिम तिथि संबंधी मुश्किल के कारण कई प्रदेशों के छात्र नीट-पीजी के लिए आवेदन नहीं कर पा रहे हैं, इन सभी समस्याओं का शीघ्र निराकरण होना चाहिए।"

अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री वीरेन्द्र सोलंकी ने कहा कि, "मेडिकल छात्रों के लिए नीट-पीजी की परीक्षा के आयोजन के संबंध में इंटर्नशिप पूरा करने की अंतिम तिथि बढ़ाने, आवेदन पोर्टल खोलने तथा परीक्षा व काउंसलिंग में अंतर को अधिकतम एक या दो महीने करने आदि मांगे अभाविप ने केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री के सामने रखी हैं। अभाविप की मांग है कि तकनीकी कारणों से एक भी छात्र नीट-पीजी परीक्षा से वंचित नहीं होना चाहिए तथा छात्रों के मुद्दों पर गंभीरता से विचार करते हुए शीघ्र मेडिकल छात्रों के पक्ष में निर्णय लिया जाना चाहिए।"

(यह प्रेस विज्ञप्ति केंद्रीय कार्यालय मंत्री श्री दिगंबर पवार द्वारा जारी की गयी है।)